# // प्रेस विज्ञप्ति //

- **पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में महिला/पुरूष नक्सली ढेर, इंसास, एस.एल.आर.सहित भारी मात्रा में आटोमैटिक व अन्य हथियार बरामद।**

- **जिला गरियाबंद के थाना मैनपुर क्षेत्रान्तर्गत (कुल्हाडीघाट) भालूडीग्गी पहाडी के मध्य जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ अभी तक जारी है। घटनास्थल से अभी तक 14 नक्सलियों के शव के साथ 14 आटोमैटीक/अन्य हथियार बरामद किया गया है।**
- **मुठभेड़ में संभवतः सेंट्रल कमेटी मेम्बर के साथ उसकी प्रोटेक्शन टीम, उडिसा स्टेट कमेटी के धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के अंतर्गत एस0डी0के0 एरिया कमेटी एवं इंदागांव एरिया कमेटी की माओवादी मारे गये है।**
- **(कुल्हाडीघाट) भालूडीग्गी पहाडी में नक्सली सदस्यों की उपस्थिति की आसूचना पर ई-30 गरियाबंद, कोबरा-207, सीआरपीएफ-65 एवं 211 बटालियन व एसओजी जिला नुआपाडा (ओडिसा) की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान हेतु हुए थे रवाना।**
- **अभियान के दौरान दिनांक 19.01.2025 के रात्रि से अभी तक पुलिस-नक्सली मुठभेड़ जारी है।**





विवरण -- जिला गरियाबंद में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में जिला गरियाबंद के थाना मैनपुर कुल्हाडीघाट भालूडीग्गी पहाड़ी के आस-पास क्षेत्र में उडिसा स्टेट कमेटी के धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के अंतर्गत एस0डी0के0 एरिया कमेटी एवं इंदागांव एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर पर ई-30 गरियाबंद (जिला बल गरियाबंद) कोबरा-207, सीआरपीएफ-65 एवं 211 बटालियन व एसओजी जिला नुआपाडा (ओडिसा) की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान सूचना स्थल की ओर नक्सली गस्त सर्चिंग हेतु रवाना हुए थे। अभियान के दौरान दिनांक 19.01.2025 के लगभग 10 बजे कुल्हाडीघाट भालूडीग्गी पहाड़ी (उडिसा सीमा से 10 कि.मी. अंदर) नक्सलियों द्वारा घात लगाकर सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने के नीयत से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे सुरक्षाबलों द्वारा भी यथा-स्थान पर पोजिशन लेकर आत्मरक्षार्थ में जवाबी कार्यवाही मे फायरिंग किया गया। सुरक्षा बलों के जवाबी कार्यवाही एवं सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव व नक्सली अपने आपको घिरता हुआ देखकर जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग खड़े हुए, मुठभेड़ लगभग 36 घण्टा से लगातार जारी है। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल व आस-पास की एरिया में सर्चिंग करने पर सेन्ट्रल कमेटी मेम्बर एवं उसके प्रोटेक्शन टीम, धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के एस0डी0के0 एरिया कमेटी एवं इंदागांव एरिया कमेटी के माओवादी के साथ कुल 14 महिला/पुरूष नक्सली के शव

बरामद किया गया है। मुठभेड़ में इंसास, एस0एल0आर0 के साथ 14 ऑटोमेटिक/अन्य हथियार तथा भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद किया गया है । मारे गये नक्सलियों का शव व बरामद सामाग्रियों को जिला मुख्यालय वापसी पष्चात उनकी पहचान एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। वर्तमान में अभी भी मुठभेड़ जारी है।
मुठभेड़ के दौरान दिनांक 20.01.2025 को कोबरा 207 बटा. का आरक्षक नीरज कुमार वर्मा घायल हुआ था। जिसे बेहतर उपचार हेतु श्री नारायणा अस्पताल भेजा गया था। इसी प्रकार आज दिनांक 21.01.2025 को मुठभेड़ में एसओजी नुआपाडा के आरक्षक धमेन्द्र भोई घायल हुआ है। जिसे भी उपचार हेतु श्री नारायणा अस्पताल भेजा गया है। वर्तमान में दोनो जवानों की स्थिति सामान्य है।